तथ्य-पत्रक : प्रोजेस्टिन आरोपण (इम्प्लांट)

याद रखें, आरोपण (इम्प्लांट) आपकी यौन संचरित संक्रमणों या एचआईवी से सुरक्षा नहीं करता है। खुद को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा कंडोम का इस्तेमाल करें!



आरोपण (इम्प्लांट) कैसे काम करता है?

- प्रोजेस्टिन आरोपण (इम्प्लांट) माचिस की तिली के आकार की एक पतली प्लास्टिक ट्यूब है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता इसे आपकी बांह के ऊपरी हिस्से पर त्वचा के नीचे प्रविष्ट करता है।
- आरोपण (इम्प्लांट) प्रोजेस्टिन स्त्रावित करता है जो आपके शरीर में बनने वाले हार्मोन के जैसा ही है। यह गर्भाशय ग्रीवा में गाढ़ा चिपचिपा पदार्थ बनाकर शुक्राणुओं को आगे जाने से रोकता है। शुक्राणु अंडों तक नहीं पहुंचे, तो आप गर्भवती नहीं हो सकती।
- प्रत्येक आरोपण (इम्प्लांट) 5 साल तक रहता है।
- गर्भ निरोध की कोई विधि 100% प्रभावी नहीं है। आरोपण (इम्प्लांट) 99% से अधिक प्रभावी है।

मैं आरोपण (इम्प्लांट) कैसे उपयोग करूँ?

- आपकी त्वचा को सुन्न कर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता इसे आपकी बांह के ऊपरी हिस्से की त्वचा के नीचे आरोपित करता है। इसमें सिर्फ़ कुछ मिनट लगते हैं। यह अस्पताल या क्लिनिक में किया जाता है।
- आपको आरोपण (इम्प्लांट) के बाद घाव को कम से कम 24 घंटो तक पानी और धूल से बचाना चाहिए।
- आरोपण (इम्प्लांट) के पहले 7 दिनों के दौरान आपको बैक-अप के रूप में कंडोम का उपयोग करना चाहिए।

आरोपण (इम्प्लांट) कैसे मेरी मदद करता है?

- आरोपण (इम्प्लांट) सुरक्षित और प्रभावी गर्भ निरोधक है। जब एक बार आप इसे आरोपित करा लेते हैं, तो यह अपने आप ही काम करता है - आप को कुछ भी करने की जरूरत नहीं है।
- आप स्तनपान कराने के दौरान आरोपण (इम्प्लांट) का इस्तेमाल कर सकती हैं
- आप एक आरोपण (इम्प्लांट) का उपयोग 5 साल तक कर सकती हैं। यदि आप लंबे समय तक इसका प्रयोग करना चाहें, तो 5 साल बाद एक नया आरोपण (इम्प्लांट) आरोपित करा सकती हैं। यदि आपको यह पसंद नहीं आता या आप गर्भवती होने का निर्णय लेती हैं तो स्वास्थ्य सेवा प्रदाता 5 साल से पहले इसे निकाल सकते हैं।

आरोपण (इम्प्लांट) का उपयोग कर मुझे कैसा लगेगा?

- आरोपण (इम्प्लांट) की वजह से मासिक धर्म अनियमित हो जाता है। अधिकांश लोगों को रुक-रुक रक्तस्त्राव होता है। आरोपण (इम्प्लांट) निकाले जाने तक यह बना रह सकता है। यह सामान्य है।
- आपको मनोदशा में उतार-चढ़ाव, वजन बढ़ना, सिर दर्द, मुँहासे, और/या बांह के ऊपरी हिस्से में त्वचा परिवर्तन की समस्या होती है।
- अधिकांश दुष्प्रभाव आरोपण निकाले जाने के बाद दूर हो जाते हैं।

क्या लोग मेरे हाथ में आरोपण (इम्प्लांट) देख सकते हैं?

- अधिकांश लोगों इसे नहीं देख सकते हैं, लेकिन इसे इसके ऊपर की त्वचा को छूने पर महसूस किया जा सकता है।

आरोपण (इम्प्लांट) में जोखिम है?

- आरोपण (इम्प्लांट) बेहद सुरक्षित है।
- यदि आपको आरोपण (इम्प्लांट) के बाद पहले हफ्ते में निम्न में से कोई लक्षण दिखे, तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से मिलें:
  - भुजा में लालिमा, जलन या पस
  - बुखार (> 101°F)
- यदि आरोपण (इम्प्लांट) के बाद आपको कभी भी निम्न में से कोई लक्षण दिखे, तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से मिलें:
  - गर्भवती महसूस करना (छाती में दर्द, मतली)
  - घरेलु गर्भावस्था जाँच का सकारात्मक परिणाम

reproductive health access project